रोहतक
शनिवार 28 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 25
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 32.7
न्यून. 9.2

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना
हरियाणा
माह : फरवरी
दिनांक : 28 फरवरी 2026

## फिनो पेमेंट्स बैंक के एमडी व सीईओ ऋषि गुप्ता गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लिस्टेड-फिनो पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ ऋषि गुप्ता गिरफ्तार कर लिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को सीजीएसटी और एसजीएसटी अधिनियमों के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी खुद बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को दी है। गिरफ्तारी के बाद बैंक ने तुरंत स्पेशल बोर्ड मीटिंग बुलाकर अंतरिम प्रबंधन व्यवस्था लागू कर दी है।

*विधानसभा बजट-सत्र के छठे दिन सीएम ने विपक्ष पर किए कड़े प्रहार*

# वंदे मातरम् को लेकर सत्तापक्ष व विपक्ष में टकराव, कांग्रेस ने किया वॉकआउट

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा विधानसभा बजट-सत्र के छठे दिन की भी सदन में जमकर हंगामा हुआ। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस के सदस्यों का नाम ले-लेकर जवाब दिए। सैनी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और एक बार फिर से झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाया। इस दौरान बीबी बतरा ने सदन के नेता के भाषण के दौरान विस अध्यक्ष से कई बार लंबे जवाब को लेकर आपत्ति उठाई, तो जवाब मिला नेता सदन को अपनी पूरी बात कहने का अधिकार है। वंदे मातरम को लेकर एक बार फिर सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर टकराव हुआ और कांग्रेस के सदस्य वॉकआउट कर गए। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ ही 11 बजे शुरू हुई। सदन की अंतिम चरण की कार्यवाही के दौरान सीएम नायब सिंह सैनी ने राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर विपक्ष कांग्रेस की ओर से किए गए हमलों को लेकर एक-एक विधायक की बात का जवाब दिया।

### कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के आगे घुटने टेके : सीएम

- सीएम सैनी ही नहीं बाकी भाजपा के नेता और मंत्री हमलावर दिखाई दिए। सीएम ने कांग्रेस नेताओं के नाम लेकर हमले किए और कहा कि मुस्लिम लीग के आगे घुटने टेकने का काम कांग्रेस ने किया।
- सैनी ने कहा कि मुस्लिम लीग के विरोध के कारण 1937 में नेहरू ने नेताजी को पत्र लिखा कि यह मुस्लिमों की भावनाओं के खिलाफ है। लीग के विरोध के कारण 1937 में जिन्ना ने इसका विरोध किया। फिर कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष ने वंदे मातरम की जांच-पड़ताल शुरू कर दी।
- मुस्लिम लीग के विरोध के कारण 1937 में नेहरू ने नेताजी को पत्र लिखा कि यह मुस्लिमों की भावनाओं के खिलाफ है। नेहरू ने लिखा कि मैंने वंदे मातरम गीत का बैकग्राउंड पढ़ा है, और इससे मुस्लिम भड़क जाएंगे और ये कांग्रेस का किस तरह का चेहरा था। कांग्रेस का बयान 1937 में आया कि कलकत्ता में कांग्रेस की बैठक होगी।
- इस कार्यसमिति में वंदे मातरम के उपयोग की समीक्षा होगी। पूरा देश हैरान था, और इसका विरोध हुआ। प्रभातफेरियां निकाली गईं। कांग्रेस ने वंदे मातरम पर समझौता कर लिया और इसके टुकड़े कर लिए। कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए। यही वह क्षण था, जब एक राष्ट्रगीत की सम्मान भावना को संदेह के घेरे में डाल दिया गया। (पेज दो भी देखें)

### कांग्रेस ने किया कार्यवाही का बहिष्कार

वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान हंगामा और शोरगुल के बीच कांग्रेस ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। मुख्यमंत्री के बयान के बाद सदन में हंगामा हुआ और कांग्रेस विधायक भड़क गए। स्पीकर ने विधायकों को शांत कराने की कोशिश की। इसके बाद कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट कर दिया। नायब सैनी ने कहा कि ये सवाल करते हैं। जब इन्हें जवाब देते हैं तो ये वॉकआउट कर देते हैं। कुछ देर सदन में वापस आ गए।

*आर्थिक मोर्चे पर राहत*

## नई जीडीपी श्रृंखला में अर्थव्यवस्था 7.8% बढ़ी



**नई दिल्ली(भाषा)।** आधार वर्ष 2022-23 पर आधारित नई राष्ट्रीय आय श्रृंखला के तहत चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था 7.8% की दर से बढ़ी है। सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने राष्ट्रीय खातों की नई श्रृंखला जारी करते हुए आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। सरकार का कहना है कि यह बदलाव अर्थव्यवस्था में आए ढांचागत परिवर्तनों, नए डेटा स्रोतों और आधुनिक गणना पद्धतियों को शामिल करने के लिए जरूरी था। इसमें गिग वर्कर को भी शामिल किया गया है। 2022-23 को इसलिए चुना गया, क्योंकि यह कोविड के बाद का पहला पूर्ण सामान्य वर्ष था, जिसमें सभी सेक्टरों से स्थिर और भरोसेमंद आंकड़े उपलब्ध हुए।

*निवेशकों के 5 लाख करोड़ डूबे*

## सेंसेक्स 961 अंक लुढ़का निफ्टी 25,200 के नीचे



**मुंबई।** शेयर बाजार में हाहाकार मचा हुआ है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी, दोनों में ही बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस बिकवाली से निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी आई। बता दें कि यह साल 2026 में तीसरी सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 961.42 अंक यानी 1.17% लुढ़ककर 81,287.19 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 317.90 अंक यानी 1.25% गिरकर 25,178.65 अंक पर बंद हुआ।

# दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल-सिसोदिया बरी

## कोर्ट की टिप्पणी : सीबीआई ने साजिश की कहानी गढ़ी

## जांच एजेंसी ने 6 घंटे बाद ही हाईकोर्ट में अपील दायर की

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

*सीबीआई ने पूर्व सीएम केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य को शराब नीति मामले में आरोपमुक्त करने के विशेष अदालत के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।*

शराब नीति मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी कर दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा-दोनों के खिलाफ सबूत नहीं हैं, आरोप साबित नहीं होता। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करतते हुए कहा कि सीबीआई ने साजिश गढ़ने की कोशिश की, लेकिन उसका सिद्धांत ठोस सबूतों की जगह अनुमान पर था। सीबीआई ने कुल 23 लोगों पर चार्जशीट दाखिल की थी। फैसले के करीब 6 घंटे बाद जांच एजेंसी ने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। इस मामले में बरी किए गए 21 अन्य आरोपियों में तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष के. कविता भी शामिल हैं।

केजरीवाल बोले, अदालत के फैसले से दिल का बोझ उतरा, हम कट्टर ईमानदार

■

कोर्ट के फैसले के बाद केजरीवाल घर पहुंचे तो पत्नी-बेटी ने फूल बरसाए



### केजरी 6 माह जेल में रहे

इस मामले में केजरीवाल छह महीने जेल में रहे, जबकि सिसोदिया करीब डेढ़ साल तक सलाखों के पीछे रहे। अदालत ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार नीति विस्तृत विचार-विमर्श के परिणाम के बाद आई। अदालत ने कहा कि किसी आरोपी को किसी भी स्वीकार्य साक्ष्य के घोर अभाव में पूरी तरह आपराधिक मुकदमे की कठिनाइयों का सामना करने के लिए बाध्य करने से न्याय पूरा नहीं होता।

### प्रथम दृष्टया मामला नहीं बनता : जज

विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह कहा कि इस अदालत को यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि रिकॉर्ड में रखी गई जानकारी से किसी भी आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया भी कोई मामला नहीं बनता, और न ही कोई गंभीर शक है। इसलिए, आरोपी संख्या 1 से 23 को इस मामले में उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी किया जाता है।'' सीबीआई आप की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार की जांच कर रही है।

### फैसले के बाद केजरीवाल रो पड़े

न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे आरोपों को गोवा विधानसभा चुनावों से जोड़ना कानूनी तौर पर टिकाऊ चीजों के बजाय धारणा पर ज्यादा आधारित है। फैसला आते ही पत्रकारों से बातचीत में केजरीवाल रो पड़े। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला स्वतंत्र भारत के इतिहास में ''सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश'' थी। तीन बार दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे केजरीवाल ने कहा कि अदालत ने साबित कर दिया है कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी 'कट्टर ईमानदार' हैं।

*यौन शोषण मामला*

## अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक



**प्रयागराज (भाषा)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बटुकों के कथित यौन शोषण मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को रोक लगा दी और कहा कि निर्णय आने तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की और से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने सरकार एवं मुकदमा के वादी आशुतोष पांडेय को इस मामले में अपने जवाब दाखिल करने को कहा।

## थलापति विजय की पत्नी ने मांगा तलाक



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मशहूर अभिनेता और टीवीके प्रमुख विजय की पत्नी संगीता ने चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट में तलाक की याचिका दायर की है। याचिका में संगीता ने विजय पर बेवफाई का आरोप लगाया है। उनका अभिनेत्री के साथ अवैध संबंध था। अप्रैल 2021 में संगीता को पता चला। इस खुलासे से उन्हें गहरा भावनात्मक आघात पहुंचा और मानसिक पीड़ा हुई।

## 'द केरल स्टोरी 2' पर लगी रोक हटी



**नई दिल्ली।** चर्चित फिल्म 'द केरला स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड की रिलीज पर रोक हट गई है। केरल हाईकोर्ट ने शुक्रवार को अपने सिंगल जज के अंतरिम आदेश पर दो हफ्ते के लिए रोक लगा दी। बेंच ने प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह की अपील पर गुरुवार देर रात यह आदेश दिया। विपुल ने दावा किया था कि फिल्म किसी भी धार्मिक समुदाय को नुकसान नहीं पहुंचाती। एजेंसी

*पाक ने छेड़ी अफगान के खिलाफ जंग*

## 19 चौकियों पर किया कब्जा 274 से अधिक लड़ाके मारे

**इस्लामाबाद(एजेंसी)।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ जंग छेड़ दी है। पाकिस्तानी एयरफोर्स ने अफगानिस्तान के कई इलाकों में फिर से एयरस्ट्राइक की और उनकी 19 चौकियों पर कब्जा कर लिया। पाक ने अफगानिस्तान के 274 से अधिक लड़ाकों को मारने का दावा किया है। वहीं, तालिबान ने दावा किया है कि उसने इस्लामाबाद के फैजाबाद सैन्य ठिकाने समेत कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया। संघर्ष की शुरुआत गुरुवार रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी हमले के जवाब में कार्रवाई की। टोलो न्यूज के मुताबिक तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 'गजब लिल हक' नाम का ऑपरेशन शुरू किया और काबुल समेत कई प्रांतों में हमले किए।

■ पाक बोला- 400 से अधिक लोग घायल

## जस्टिस लीजा आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस होंगी



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस लीजा गिल को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उनके नाम की औपचारिक सिफारिश करते हुए उन्हें आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट स्थानांतरित कर मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने की अनुशंसा की है। वर्तमान में आंध्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस धीरज सिंह ठाकुर शीघ्र सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

*पूर्व वित्त मंत्री कै. अभिमन्यु की कोठी जलाने का मामला*

# जाट आरक्षण आंदोलन में 56 आरोपी सीबीआई कोर्ट से बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

वर्ष 2016 के जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान हुई हिंसा से जुड़े बहुचर्चित आगजनी मामले में शुक्रवार को पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत ने 56 आरोपियों को बरी कर दिया। यह मामला तत्कालीन वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के आवास पर हुई आगजनी और तोड़फोड़ से संबंधित था। आरोपियों में ज्यादातर युवा रोहतक और झज्जर के रहने वाले हैं।

**एक आरोपित देश छोड़कर हो चुका फरार, ज्यादातर आरोपी झज्जर और रोहतक के रहने वाले**

सीबीआई कोर्ट में दाखिल आरोप पत्र के मुताबिक, केंद्रीय जांच एजेंसी ने एफआईआर दर्ज की थी। इस मुकदमे में 60 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इनमें विजेंद्र, प्रदीप और सुमित की ट्रायल के दौरान ही मृत्यु हो चुकी है, जबकि एक अन्य आरोपी धर्मेंद्र हुड्डा को पहले ही अदालत भगोड़ा घोषित कर चुकी है।

### सर्वखाप ने जताया कै. अभिमन्यु का आभार

अदालत के फैसले के बाद सर्वखाप पंचायत ने पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का आभार जताया है। सर्वखाप के प्रवक्ता कैप्टन जगबीर मलिक ने कहा कि इस फैसले को अंतिम नतीजे तक पहुंचने में सिंधु परिवार ने पूरा सहयोग किया। वे अपने निर्णय पर खरे उतरे इसके लिए सर्वखाप पंचायत सिंधु परिवार का तहे दिल से धन्यवाद करती है। उनके सहयोग के परिणाम स्वरूप ही इस मुकदमे का फैसला आया और सभी युवा बरी हो गए हैं।

## टेंपल में काम करने के लिए अजब शर्त, जोमैटो के संस्थापक तैयार कर रहे नई टीम

*महिला उम्मीदवारों के लिए 26% की कंडीशन*

# तकनीकी कौशल के साथ ही बॉडी फैट भी 16% से कम होना चाहिए

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** जोमैटो के संस्थापक और इटरनल के वाइस चेयरमैन दीपेंद्र गोयल अपने हेल्थ-टेक स्टार्टअप टेंपल के लिए एक इंजीनियरिंग टीम तैयार कर रहे हैं। इसके लिए वह ऐसे लोगों की तलाश में हैं जो जितनी ताकत से कोडिंग कर सकें, उतनी ही मेहनत से जिम में बेंच प्रेस भी कर सकें। एक्स पर एक पोस्ट में गोयल ने कई डीप-टेक पदों पर भर्ती की घोषणा की, लेकिन साफ कर दिया कि केवल तकनीकी कौशल ही पर्याप्त नहीं होंगे। आवेदन करने वाले पुरुष उम्मीदवारों का बॉडी फैट 16% से कम और महिला उम्मीदवारों का 26% से कम होना चाहिए। जो उम्मीदवार अभी इस फिटनेस मानक को पूरा नहीं करते, उन्हें भी मौका मिल सकता है, लेकिन उन्हें तीन माह में यह लक्ष्य हासिल करना होगा।

### कोई और वेयरेबल ऐसा नहीं



गोयल के अनुसार टेंपल एलीट परफॉर्मेंस एथलीट्स के लिए अंतिम वेयरेबल बना रहा है। यह ऐसे मेट्रिक्स मापेगा, जिन्हें फिलहाल कोई अन्य डिवाइस ट्रैक नहीं करता। वह भी ऐसी सटीकता के स्तर पर जो अभी मौजूद नहीं है। आदर्श उम्मीदवार ऐसे इंजीनियर हों जो एथलीट भी हों, वे जो जो बनाएं, उसे खुद पहनें।

**गोयल भी पहनते हैं टेंपल :** गोयल को टेंपल डिवाइस पहने हुए कई मौकों पर देखा गया है। यह एक छोटा, धातु जैसा क्लिप-आकार का वेयरेबल है, जो माथे के पास टेम्पल (कान के ऊपर) की जगह पर लगाया जाता है। यह एक प्रयोगात्मक उपकरण है, जिसे रियल-टाइम और निरंतर रूप से मस्तिष्क में रक्त प्रवाह को मापने के लिए डिजाइन किया गया है। यह डिवाइस उनके व्यक्तिगत हेल्थ ऑप्टिमाइजेशन शोध और ग्रैविटी एजिंग हाइपोथेसिस नामक सिद्धांत से विकसित हुआ है और फिलहाल रिसर्च प्रोटोटाइप चरण में है।

### इंटरनेट की चुटकी

भर्ती संबंधी यह पोस्ट अनुमान के मुताबिक वायरल हो गई। सोशल मीडिया पर लोग इसे लेकर प्रशंसा और अविश्वास के बीच बंटे दिखे। एक यूजर ने मजाक में लिखा कि मुझे नहीं लगता कि 16% से कम बॉडी फैट वाला कोई एंबेडेड सिस्टम इंजीनियर मौजूद है। दूसरे ने लिखा, जीटीए 6 से पहले ही बॉडी फैट को हायरिंग क्राइटेरिया बना दिया गया। हालांकि कुछ लोगों ने संतुलित राय भी दी। उनका कहना था कि फिटनेस पर ध्यान देने वाले इंजीनियर जरूरी नहीं कि किसी तय बॉडी फैट प्रतिशत में फिट बैठें, लेकिन फिर भी उनके पास सही मानसिकता हो सकती है।




अपने परिवार के लिए सुनिश्चित कीजिए

एलआईसी का
जीवन लक्ष्य
Plan No.:733 UIN No: 512N297V03

आपके परिवार के लिए एक सुनिश्चित भविष्य की योजना.

मुख्य विशेषताएं :
- न्यूनतम बीमा राशि: ₹2,00,000
- अधिकतम बीमा राशि: कोई सीमा नहीं
- उम्र संबंधी पात्रता: 18 से 50 वर्ष
- परिपक्वता की अधिकतम उम्र: 65 वर्ष
- पॉलिसी अवधि: 13 से 25 वर्ष
- प्रीमियम भुगतान अवधि: पॉलिसी की अवधि से 3 वर्ष कम
- परिपक्वता हितलाभ: बीमा राशि + बोनस
- मृत्यू पर मिलने वाली राशि: वार्षिक आय हितलाभ तथा परिपक्वता पर बीमा राशि का अंतिम भुगतान + बोनस
- वैकल्पिक राइडर्स: 1) एलआईसी का एक्सिडेंटल डेथ और डिसेबिलिटी बेनिफिट राइडर 2) एलआईसी का एक्सिडेंट बेनिफिट राइडर 3) एलआईसी का न्यू टर्म एश्योरेन्स राइडर

एक असहभागी, असंबद्ध, जीवन, व्यक्तिगत, बचत प्लान

हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें /www.licindia.in पर विज़िट करें
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमें यहाँ फ़ॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2025 – 2026/33/Hin

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रान्त प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें.

## खबर संक्षेप

### गुरुग्राम में पुलिस कर्मियों को धक्का देकर आरोपी हिरासत से फरार

**गुरुग्राम।** मोबाइल स्नेचिंग के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी पुलिस हिरासत से फरार हो गया। पुलिसकर्मी आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद वापस थाने लेकर पहुंची थी, जहां से आरोपी पुलिसकर्मियों को धक्का देकर भाग गया। पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ने के लिए पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ में नहीं आया। सेक्टर-29 थाने में हेड कॉन्स्टेबल प्रदीप कुमार की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, मोबाइल स्नेचिंग के एक मामले में सेक्टर-29 थाना पुलिस ने दिल्ली के गांव मांडी की शांति कॉलोनी के रहने वाले रवि (25) व उसके साथी भीम बस्ती निवासी आदित्य को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के खिलाफ 25 फरवरी को मोबाइल स्नेचिंग का केस दर्ज किया गया था। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया था। जब पुलिसकर्मी उसे कोर्ट से लेकर वापस थाने पहुंचे तो यहां रवि थाने में पुलिसकर्मियों को धक्का देकर फरार हो गया।

### खेतों में मिला चार बच्चों के पिता का शव

**कुरुक्षेत्र।** झांसा थाना पुलिस के अंतर्गत गांव धुराला के खेतों से 40 वर्षीय जयभगवान उर्फ काला का शव बरामद हुआ। आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या कर शव को वहां फेंका गया है। वह चार बच्चों का पिता था। उसके गले पर चोट के निशान थे। सूचना पाकर मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने तीन डाक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस के मुताबिक गांव धुराला निवासी 40 वर्षीय जयभगवान उर्फ काला मेहनत-मजदूरी का काम करता था। जयभगवान 25 फरवरी की रात करीब नौ बजे अचानक लापता हो गया था।

### सोनीपत में बाइक सवार 3 बदमाशों का आतंक, लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी

# 2 माह पहले मांगी थी 2 करोड़ की रंगदारी अब पहल न्यूट्रिशन शोरूम पर फायरिंग


**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत**

बहालगढ़ चौक स्थित पहल न्यूट्रिशन का मामला एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दो माह पहले 2 करोड़ की रंगदारी मांगने के बाद अब सप्लीमेंट शोरूम पर बदमाशों द्वारा फायरिंग की गई है। बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने फायरिंग के अलावा शोरूम पर बैठे युवक को गोली मारने की धमकी भी दी। वारदात को अंजाम देकर बदमाश मौके से फरार हो गए। वहीं, सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बहालगढ़ स्थित पहल न्यूट्रिशन शोरूम पर तीन युवक बाइक पर पहुंचे। दो युवक दुकान के बाहर खड़े हो गए, जबकि एक युवक अंदर घुस गया। अंदर जाकर उसने रिसेप्शन पर बैठे रितेश गर्ग को गोली मारने की बात कही। रितेश गर्ग तुरंत कुर्सी से उठकर पीछे की ओर भाग गया। बाहर आकर बदमाश ने शोरूम के शीशे पर फायरिंग कर दी। इससे शीशा टूट गया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी बाइक पर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी क्राइम विपिन कादियान, एसीपी विजिलेंस अजय धनखड़, सीआईए इंस्पेक्टर सहित स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मौके से एक खाली खोल बरामद हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया।

**सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल :** घटना के कुछ समय बाद ही फेसबुक पर पोस्ट वायरल हुई। इसमें पहल न्यूट्रिशन पर कई तरह के आरोप लगाते हुए फायरिंग की जिम्मेदारी रणदीप मलिक व अनिल पंडित यूएसए ने ली है। इन्हें लॉरेंस गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। यह रोहित गोदारा का एंटी ग्रुप है। पोस्ट में कहा गया है कि जो भी रोहित गोदारा की मदद करेगा, उसे अंजाम भुगतना होगा। वहीं, पोस्ट में गायक मासूम शर्मा को भी सरपंच विवाद में माफी मांगने को कहा गया है।

#### शोरूम के शीशे पर गोली मारी





**सोनीपत।** शोरूम के बाहर फायरिंग के बाद जांच करती पुलिस।

#### रोहित गोदारा गैंग का नाम आया था सामने

बता दें कि 27 दिसंबर 2025 को पहल न्यूट्रिशन के मालिक वीरेंद्र पहल से 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। उस समय रोहित गोदारा गैंग का नाम सामने आया था। आरोप है कि गैंग के शूटर महेंद्र ढीढलाना ने वीरेंद्र पहल को फोन कर जान से मारने की धमकी दी।

### हांसी : दुकान में पर्ची देकर मांगे 50 लाख, 2 गिरफ्तार

**हांसी।** सब्जी मंडी के समीप बाजार में स्थित छोटू स्वीट्स के मालिक से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। मालिक हन्नी उर्फ हिमांशु सपड़ा ने बताया कि वह दुकान के अंदर काम कर रहा था। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक दुकान पर आए और काउंटर पर



मिठाई पैक कर रहे उसके कारिंदे को एक पर्ची पकड़ाकर कहा कि इसे अपने लाला को दे देना। पर्ची में लिखा था कि लाला 50 लाख रुपये की फिरौती है और एक दिन का टाइम है बाकी काम मेरा है और पर्ची में नीचे बासु उर्फ अनुराग और हिमांशु लिखा हुआ था। इससे बाजार में दहशत का माहौल पैदा हो गया। रोषस्वरूप व्यापारियों ने दुकान के बाहर ही धरना दे दिया। सीआईए नारनौंद की टीम ने तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों की पहचान कर दो घंटे के अन्दर अनुराग व हिमांशु नामक दोनों युवकों को काबू कर लिया है।

### हरियाणा शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में नकल

# नकल के 36 केस दर्ज 4 पर्यवेक्षक किए रिलीव



**भिवानी।** परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते चेयरमैन।

- 26 फरवरी को रानीला परीक्षा केंद्र में हुई गणित विषय की परीक्षा रद्द, केन्द्र को किया शिफ्ट

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जा रही सीनियर सेकेंडरी एवं डीएलएड द्वितीय वर्ष (रि-अपीयर) की परीक्षा में प्रदेशभर में कुछ परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधन प्रयोग व नकल के 36 मामले दर्ज किए गए। वहीं, ड्यूटी में कोताही बरतने पर 4 पर्यवेक्षकों को कार्यभार मुक्त किया गया।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. (प्रो.) पवन कुमार ने बताया कि 12वीं की राजनीति विज्ञान की परीक्षा में करीब 1158 परीक्षा केन्द्रों पर 117406 परीक्षार्थी तथा डीएलएड द्वितीय वर्ष (रि-अपीयर) परीक्षा में 21 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए। उन्होंने बताया कि उनके स्वयं के उड़नदस्ते द्वारा जिला महेन्द्रगढ़ के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। यहां परीक्षा केन्द्र रा.व.मा.वि., आकोदा में 1, रा.व.मा.वि., पाली में 2 व रा.क.व.मा.वि., महेन्द्रगढ़ में 1 मामले दर्ज किए। उन्होंने बताया कि बोर्ड उपाध्यक्ष के उड़नदस्ते द्वारा जिला नूंह के उप-मण्डल पुन्हाना के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा अनुचित साधन प्रयोग के 5 मामले पकड़े। उन्होंने बताया कि बोर्ड सचिव मुनीश शर्मा के उड़नदस्ते द्वारा जिला रोहतक के एसएसएस रा.व.मा.वि., रिटौली पर नकल का 1 मामला दर्ज किया।

#### इन चार को कार्यभार मुक्त किया

परीक्षा केन्द्र एसजीएन क.व.मा.वि., संतपुरा पर नियुक्त पर्यवेक्षक पंकज नागरा, टीजीटी, एसएनएन व.मा.वि., भानाछत्र को रिलीव किया। रा.क.व.मा.वि., कैरू-02 पर नियुक्त पर्यवेक्षक बलवान सिंह, डीपीई, रा.व.मा.वि., जुई खुर्द को हटाया। रा.व.मा.वि., नांगल तेजु से उदय सिंह, डीपीई, रा.व.मा.वि., परागपुरा को रिलीव किया गया। रा.व.मा.वि., रोहतक-44 (बी-01)पर नियुक्त पर्यवेक्षक सुनील कुमार, पीजीटी गणित, नेकीराम स्पोर्टस रा.व.मा.वि., लाखन माजरा को ड्यूटी में कोताही पर कार्यभार मुक्त किया।

#### रानीला का सेंटर बौंद कलां शिफ्ट किया

चरखी दादरी के परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि., रानीला-2 पर 26 फरवरी को हुई दसवीं की गणित परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। इस परीक्षा केन्द्र को 28 फरवरी के बाद संचालित होने वाली दसवीं एवं बारहवीं की शेष परीक्षाओं के लिए रॉयल इन्टरनेशनल स्कूल, बौंद कलां में शिफ्ट कर दिया गया है।

#### परीक्षा केंद्र के बाहर पेपर हल करने का वीडियो वायरल

**गन्नौर।** 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के दौरान खेड़ी गुर्जर गांव स्थित राजकीय विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र के बाहर प्रश्न हल करने का एक वीडियो वायरल हुआ है। दावा किया जा रहा है कि यह नकल का मामला है। वहीं, खंड शिक्षा अधिकारी सुरजीत घणघस ने कहा कि जांच में अभी तक पेपर आउट का मामला सामने नहीं आया है।

# पंचायती राज संस्थाओं को 200 करोड़ जारी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक**

प्रदेश सरकार ने ग्रामीणों की मूलभूत जरूरतें पूरी करने के लिए 200 करोड़ रुपये और जारी किए हैं। इसमें ग्राम पंचायतों का हिस्सा 75, पंचायत समितियों का 15 और जिला परिषदों की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत की रहेगी। इस हिसाब से 150 करोड़ पंचायत समितियों को 30 करोड़ तथा जिला परिषदों को 20 करोड़ मिलेंगे। दस दिन पहले भी पंचायती राज संस्थाओं को 125 करोड़ दिए गए थे। कुल मिलाकर अब संस्थाओं के पास 325 करोड़ रुपये विकास के लिए आए हैं।

प्रदेश में 6200 से ज्यादा पंचायतें, 22 जिला परिषद और 143 पंचायत समिति हैं। अब यहां खास बात ये है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 खत्म होने में एक महीना ही शेष है। ऐसे में इस राशि को क्या संस्थाएं आगामी 31 मार्च तक खर्च कर पाएंगी। ध्यान रहे कि अगर राशि खर्च नहीं हो पाई तो फिर पैसा वापस सरकार के पास चला जाएगा। संस्थाओं को पैसा उनकी जनसंख्या के आधार पर रिलिज किया जाता है।

# केजरीवाल और आप नेताओं के बरी होने से भाजपा के झूठ का हुआ खुलासा : ढांडा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़**

आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने दिल्ली के कथित शराब मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले



का स्वागत करते हुए कहा कि यह सत्य और ईमानदारी की ऐतिहासिक जीत है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में कोई आपराधिक साजिश या ठोस सबूत नहीं है। इससे भाजपा द्वारा गढ़ी गई झूठी कहानी का पर्दाफाश हो गया है।

ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, संजय सिंह सहित अन्य नेताओं को राजनीतिक साजिश के तहत जेल भेजा गया। लेकिन आज अदालत के फैसले ने साबित कर दिया कि आम आदमी पार्टी की "कट्टर ईमानदार" छवि को बदनाम करने की कोशिश नाकाम रही। सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को दबाने के लिए किया गया। निर्दोष नेताओं को एक-डेढ़ साल तक जेल में रखा गया, परिवारों ने कष्ट झेला, लेकिन अंततः न्याय की जीत हुई।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस मुद्दे पर 100 से अधिक प्रेस वार्ताएं और प्रदर्शन कर जनता के बीच झूठ फैलाया। अब जब अदालत ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है, तो क्या भाजपा देश और दिल्ली की जनता से माफी मांगेगी? क्या जिन अधिकारियों ने बेगुनाहों को जेल में रखा, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी?

### छात्रा से गैंग रेप व हत्या मामले ने पकड़ा तूल

# एक आरोपी को हिरासत में लेने पर परिजन संस्कार के लिए माने

- जहरीले पदार्थ की वजह से दादरी के पार्क में बेसुध मिली थी छात्रा, सहेली पर दादरी लाने का आरोप, 4 पर गैंग रेप का शक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी**

दादरी में सामूहिक दुष्कर्म के बाद 16 नाबालिग छात्रा की हत्या के मामले में परिजनों ने शुक्रवार को दूसरे दिन पुलिस के आश्वासन व एक अरोपी को हिरासत में लेने के बाद शव अस्पताल से उठा लिया। दोपहर बाद जींद स्थित उसके ननिहाल के गांव में मृतका का अंतिम संस्कार किया गया। उधर, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया है। परिजनों व ग्रामीणों ने सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

ज्ञात रहे कि दो दिन पूर्व 10वीं कक्षा की छात्रा स्कूल गई थी। उसके बाद वह स्कूल से सीधे अपनी सहेली के साथ दादरी आ गई। शाम को छात्रा बेसुध अवस्था में पार्क में मिली थी। उसको दादरी सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से गंभीर हालात को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर किया था। वीरवार को उपचार के दौरान छात्रा की मौत हो गई। परिजनों ने चार युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म और उसकी सहेली पर मिलीभगत का आरोप लगाया था। वीरवार को परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक शव लेने से मना कर दिया था। शुक्रवार को पुलिस अधिकारी रोहतक पीजीआई पहुंचे और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

#### आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए इंटक ने लगाया जाम




**चरखी दादरी।** जिला दादरी की बेटी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म को लेकर लोगों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने इंटक नेताओं के नेतृत्व में दोषियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर परशुराम चौक पर जाम लगा दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले को गंभीरता से शीघ्र सुलझाने और दोषियों में से एक को पकड़ने का दावा किया, जिससे बाद प्रदर्शनकारी 24 घंटे का अल्टीमेटम देकर आगे बढ़े। इस दौरान करीब आधे घंटे तक नारेबाजी चलती रही।

### बूस्टर के खुले टैंक में गिरने से बच्चे की मौत, दो कंपनियों पर केस दर्ज

**पलवल।** कैलाश नगर में बन रहे बूस्टर पर 11 वर्षीय बच्चे की खुले पानी के टैंक में गिरकर डूबने से मौत हो गई। बच्चा वहां खेलने के लिए गया हुआ था। बूस्टर के अंदर पानी के टैंक के ऊपर बने होल पर न तो ढक्कन था और न ही कोई जाली लगी हुई थी। इसी कारण खेलते समय शिवम उस खुले टैंक में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में लापरवाह अधिकारियों व कंपनी के खिलाफ रोष है। कैंप थाना पुलिस ने बूस्टर और टैंक का निर्माण कार्य कर रही दो कंपनियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल के अनुसार, उत्तरप्रदेश के जिला उटावा के करनगंज निवासी और वर्तमान में कैलाश नगर में रह रही रीना ने शिकायत दी कि वह वर्ष 2022 से अपने तीन बेटों के साथ किराए के मकान में रहती है। 26 फरवरी की शाम करीब साढ़े पांच बजे उसका बेटा शिवम खेलने के लिए बाहर गया था। शिवम कैलाश नगर में बन रहे गोविंद नगर बूस्टर पर खेल रहा था। यहां पानी के टैंक को ढकने का कोई इंतजाम नहीं था, जिस वजह से उसके बेटे की टैंक में गिरकर जान चली गई। रीना ने बताया कि उन्होंने कई बार निर्माण कार्य कर रही कंपनियों हरिओम इंजिनियर मैसर्ज होरिकाम इंजीनीयर्स और सिल्पा होरिकाम जेवी हैदराबाद से टैंक पर ढक्कन लगाने की मांग की थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। लापरवाही के कारण ही यह हादसा हुआ। पुलिस ने इनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### लापरवाही | भाई की मौत पर जर्मनी से आए थे गुरदीप, खुद हादसे का शिकार हुए

# गड्ढे से हुए हादसे में गई थी एनआरआई की जान, लापरवाह कंपनियों पर केस दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र**

जिले में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-152 पर जलबेहड़ा गांव के पास एक्सीडेंट में हुई



एनआरआई गुरदीप सिंह की मौत के मामले में परिवार ने सड़क बनाने वाली और सुपरविजन करने वाली कंपनी को जिम्मेदार ठहराते हुए केस दर्ज करवाया है। परिवार ने कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया। आरोप है कि कंपनी ने समय रहते सड़क पर बने गड्ढे को ठीक नहीं किया, जिस वजह से हादसे में उनके परिजन की जान चली गई। विक्रमजीत सिंह के मुताबिक यह कंपनी के अधिकारियों की सरासर लापरवाही है। उन्होंने घटनास्थल के पास बने गड्ढे की मरम्मत नहीं की, जिसकी वजह से हुए हादसे में उसके पिता की जान चली गई। उधर, पुलिस गुरदीप सिंह के शव का पोस्टमार्टम करवाएगी। सतौड़ा निवासी 41 वर्षीय विक्रमजीत सिंह ने बताया कि वे करीब 22 साल से जर्मनी में रह रहे हैं और वहां रेस्टोरेंट चलाते हैं। 23 फरवरी को उनके ताऊ गांव के पूर्व सरपंच सुरजीत सिंह की मौत हो गई थी। उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उसके पिता गुरदीप सिंह के साथ 23 फरवरी को जर्मनी से चले थे और 24 फरवरी को दिल्ली पहुंचे थे।


#### सड़क बनाने व सुपरविजन कंपनी के खिलाफ दी शिकायत

विक्रमजीत ने बताया कि 25 फरवरी को पिता गुरदीप उनके ताऊ सुरजीत सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। संस्कार के बाद वे उसके चाचा के बेटे जगविंदर के साथ मोटरसाइकिल पर दोपहर में अपनी ससुराल पटियाला जिले के गांव न्यायदमपुर चले गए। यहां मोटरसाइकिल को खड़ी करके स्कॉर्पियो गाड़ी से वापस आ रहे थे। सायं करीब छह बजे इस्माइलाबाद शहर पार करते हुए हाईवे-152 पर गुरुद्वारा साहिब के सामने सड़क में गड्ढा आया। गड्ढे से बचने की कोशिश में उनकी गाड़ी बेकाबू हो गई और साइड में बने पुलिया के ब्लाक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और गाड़ी 90 डिग्री घूम गई। गुरदीप सिंह की हादसे में मौत हो गई थी। विक्रमजीत सिंह की शिकायत पर पुलिस ने थाना इस्माइलाबाद में सड़क बनाने वाली और सुपरविजन कंपनी के खिलाफ केस दर्ज किया है।



# तमिलनाडु की सियासत में बड़ा उलटफेर, एनडीए को बड़ा झटका

# डीएमके में शामिल हुए 3 बार के मुख्यमंत्री रहे पन्नीरसेल्वम



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

एआईएडीएमके से निष्कासित नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) शुक्रवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) में शामिल हो गए। इस दौरान चेन्नई में डीएमके पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी मौजूद रहे। ओपीएस के साथ उनके बेटे पी. रविंद्रनाथ कुमार ने भी आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पहले डीएमके की सदस्यता ग्रहण की। पन्नीरसेल्वम को 2022 में एडप्पादी के. पलानीस्वामी के साथ नेतृत्व संघर्ष के बाद एआईएडीएमके से निष्कासित कर दिया गया था। ओपीएस का यह कदम आने वाले चुनाव से पहले भाजपा और एआईडीएमके के एनडीए गठबंधन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। बता दें, हाल के दिनों में पन्नीरसेल्वम और उनके खेमे की ओर से मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और डीएमके सरकार की खुलकर सराहना की गई है। इसे लेकर पार्टी में विवाद खड़ा हुआ था और उन्हें निष्कासित कर दिया गया था।

### ईपीएस पर जमकर बरसे ओपीएस

ओपीएस ने डीएमके में शामिल होने के बाद कहा, 'यह फैसला मैंने खुद लिया है, ताकि मेरे लिए कड़वे अनुभव पर पूर्ण विराम लग सके। एआईएडीएमक के प्रमुख एडप्पादी के पलानीस्वामी (ईपीएस) एक तानाशाह की तरह व्यवहार कर रहे हैं और उन्होंने ऐसी स्थिति बना दी है कि एआईएडीएमके आगे जीत हासिल नहीं कर सकती।' डीएमके अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पन्नीरसेल्वम को 'प्रिय भाई' बताया और कहा द्रविड़ आंदोलन के महान नेता के नाम को धारण करने वाले पन्नीरसेल्वम हमारे महान आंदोलन की विचारधारा की रक्षा के लिए इस आंदोलन में शामिल हुए हैं।'

### इसी साल होना है तमिलनाडु में विधान सभा चुनाव

*234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव इसी साल की पहली छमाही में होने हैं। इन चुनावों में एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाला गठबंधन 'द्रविड़ियन मॉडल 2.0' के एजेंडे के साथ भारतीय जनता पार्टी एआईएडीएमके के एनडीए गठबंधन के खिलाफ मैदान में उतरेगा।*

ज्ञानेश कुमार-बोले

## तमिलनाडु में एक चरण में होगा चुनाव



तमिलनाडु में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश अधिकारियों के साथ।

**चेन्नई।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने शुक्रवार को आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों की तैयारियों की जानकारी दी। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि तमिलनाडु में राजनीतिक दलों ने विधानसभा चुनाव एक ही चरण में कराने का सुझाव दिया है और इस पर सभी पहलुओं पर विचार के बाद निर्णय लिया जाएगा। आयोग पिछले कुछ दिनों से तमिलनाडु में है और जिला कलेक्टरों के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर रहा है। राज्य में स्वतंत्रऔर पारदर्शी चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

**मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिले राजनीतिक दल**

## दिल्ली में डबल डेकर बस सर्विस शुरू

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को एक डबल डेकर बस को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्रीय राजधानी में इस सेवा की शुरुआत की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा और विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ रफी मार्ग से प्रधानमंत्री संग्रहालय तक एक इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस में सवारी भी की। दिल्ली सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह सेवा शुरू की है। पर्यटन विभाग मध्य दिल्ली के प्रमुख स्थलों को जोड़ने वाले एक निश्चित मार्ग पर बस सेवा का संचालन करेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित मार्ग में भारत मंडपम, राष्ट्रीय समर स्मारक, नया संसद परिसर, दिल्ली हाट और अन्य प्रमुख स्थल शामिल हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वदेशी हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरी



**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाक सीमा के पास स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' में उड़ान भरी। भारतीय सेना की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति मुर्मू ने 'आलिव ग्रीन' रंग की वर्दी और हेलमेट पहन 'प्रचंड' में बतौर 'सह-पायलट' उड़ान भरी। यह मिशन दो विमानों के 'एलसीएच फॉर्मेशन' के रूप में क्रियान्वित किया गया। राष्ट्रपति मुर्मू ने ग्रुप कैप्टन नयन शांतिलाल बहुआ के साथ पहले विमान में उड़ान भरी जबकि वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और ग्रुप कैप्टन ए महेंद्र दूसरे विमान में नंबर दो के रूप में सवार थे।

## विकास यादव को 7 दिन की फरलो

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने नीतीश कटारा हत्या मामले में 25 साल की जेल की सजा काट रहे विकास यादव की उस याचिका को शुक्रवार को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने 'फरलो' पर जेल से रिहा करने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि विकास 23 साल जेल में बिता चुका है और होली पर उसे अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए 7 मार्च तक के लिए 'फरलो' प्रदान की। 'फरलो' से तात्पर्य जेल से अस्थायी रिहाई है, न कि पूरी सजा का निलंबन या माफी। यह आमतौर पर, लंबी अवधि की जेल की सजा काट रहे उन कैदियों को दी जाती है, जिन्होंने अपनी सजा का एक हिस्सा कारागार में बिता लिया है।

# पीएम आज एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत करेंगे

- प्रधानमंत्री राजस्थान और गुजरात का दौरा करेंगे

*नई दिल्ली (भाषा)। पीएम मोदी शनिवार को राजस्थान और गुजरात का दौरा करेंगे और इस दौरान वह 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत करेंगे। मोदी एक सेमीकंडक्टर असेंबली संयंत्र का उद्घाटन करेंगे और कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री पूर्वाह्न लगभग साढ़े 11 बजे 16,680 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं की शुरुआत, उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएम एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इन परियोजनाओं के दायरे में शहरी विकास, पेयजल आपूर्ति, सड़कें, सिंचाई, ऊर्जा और औद्योगिक अवसंरचना समेत प्रमुख क्षेत्र आते हैं।*

बंगाल एसआईआर पर सुनवाई

# शीर्ष अदालत के आदेश का उल्लंघन कोई नहीं कर सकता



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। हमारे आदेश बिलकुल स्पष्ट हैं। कोर्ट में बंगाल सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था। कोर्ट ने टिप्पणी की कि वह अपने न्यायिक अधिकारियों को जानता है और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे। राज्य में इस प्रक्रिया के लिए तैनात न्यायिक अधिकारी इस संबंध में फैसले लेंगे। हम इस तरह की बातें बर्दाश्त नहीं कर सकते।

वकील को लगाई फटकार

### आपको लाइसेंस देकर गलती किसने की?

सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील ने कड़ी फटकार लगाई। आपको किसने लाइसेंस दिया। उन्होंने सीएए के संबंध में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट के उस निर्देश को स्थगित कर दिया जिसमें वकील को 50000 का हर्जाना देने का आदेश दिया।

होली से पहले तारीख...

### इलाहाबाद है भाई, भांग का नशा उतरने में हफ्ता लगेगा

सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरानसीजेआई की एक टिप्पणी चर्चा का विषय बन गई। मामला सुरेश देवी के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट से जुड़ा था। सुनवाई की तारीख देने पर विचार किया जा रहा था। सीजेआई ने कहा कि होली ब्रेक के बाद लिस्ट करें। सीजेआई ने कहा कि इलाहाबाद है भाई एक हफ्ता तो लग जाएगा भांग का नशा उतरने में।

### जेएनयू में बवाल, प्रोफेसर का आमरण अनशन



**नई दिल्ली।** जेएनयू में बवाल के बाद छात्र संघ और शिक्षक संघ के खिलाफ अब फैकल्टी सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। स्कूलों की तालाबंदी, छात्रों की पढ़ाई प्रभावित करने, तोड़फोड़ और हंगामे के विरोध में जेएनयू ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र के प्रोफेसर क्रिस्टु दास ने परिसर के साबरमती टी पॉइंट पर आमरण अनशन बैठ गए हैं।

### क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन हो गया है। उन्होंने ग्रेटर नोएडा के यथार्थ हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। पिता खचंद्र सिंह स्टेज-4 लिवर कैंसर से जूझ रहे थे। उनकी तबीयत काफी खराब हो गई । उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। रिंकू को टीम का साथ छोड़ घर लौटना पड़ा।

संघ पर हमले को लकेर पर बोले आंबेकर

# राहुल गांधी बड़े नेता हैं मैं उन्हें कुछ भी नहीं कहूंगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने राहुल गांधी द्वारा संघ पर लगाए गए देश तोड़ने के आरोपों पर एक बेहद सधा हुआ और वैचारिक जवाब दिया है।

राहुल के आरोपों को दरकिनार करते हुए आंबेकर ने कटाक्ष किया कि वे बड़े नेता हैं, मैं उनके बारे में क्या कह सकता हूं। अपनी बात पूरी करते हुए उन्होंने कहा कि संघ की कार्यप्रणाली किसी राजनीतिक दल के 5 साल के चुनावी चक्र पर आधारित नहीं होती बल्कि यह शताब्दियों के विजन के साथ चलने वाली एक 'ऑर्गेनिक' प्रक्रिया है। सुनील ने जोर देकर कहा कि संघ जमीन पर जाकर लोगों से सीधा संवाद करता है और समाज निर्माण के कार्य में जुटा है। 100 साल के सफर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के जरिए समाज में परिवर्तन लाना है। जो किसी राजनीतिक हार-जीत से परे है।



चिंतन

# हाई-प्रोफाइल मामलों में सीबीआई जांच पर सवाल

हाई-प्रोफाइल मामलों में केंद्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका हमेशा से जनचर्चा और राजनीतिक बहस का केंद्र रही है। जब जांच किसी मौजूदा या पूर्व मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर रहे व्यक्तियों के खिलाफ हो, तब जांच एजेंसी की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। ऐसे मामलों में हर कदम कानून की कसौटी पर परखा जाता है और जरा सी चूक एजेंसी की साख पर गहरा असर डाल सकती है। हालिया फैसलों ने एक बार फिर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी किया जाना एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने यह कहते हुए आरोप तय करने से इनकार कर दिया कि अभियोजन पक्ष पर्याप्त और ठोस सबूत पेश करने में विफल रहा। अदालत की टिप्पणी कि साजिश का सिद्धांत अनुमान पर आधारित था, जांच एजेंसी की तैयारी और तथ्यों के संकलन पर सीधा प्रश्नचिह्न लगाती है। सीबीआई ने इस फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है, किंतु निचली अदालत में मिली इस असफलता ने उसकी पेशेवर विश्वसनीयता को चुनौती दी है। इसी तरह, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पूर्व हरियाणा मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को पंचकूला प्लॉट पुनः आवंटन मामले में बड़ी राहत देते हुए सीबीआई के आरोपों को खारिज कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री से प्रथम दृष्टया अपराध का मामला नहीं बनता और आगे की कार्रवाई अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगी। यह टिप्पणी न केवल मामले की कानूनी स्थिति को स्पष्ट करती है, बल्कि जांच एजेंसी की विवेचना पद्धति पर भी सवाल खड़े करती है। इन दोनों मामलों की पृष्ठभूमि और राजनीतिक संदर्भ भिन्न हो सकते हैं, लेकिन एक समान तत्व उभरकर सामने आता है हाई-प्रोफाइल मामलों में जांच की गुणवत्ता और निष्पक्षता को लेकर संदेह। जब किसी मामले में 20 से अधिक आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की जाती है और अदालत आरोप तय करने से ही इनकार कर देती है तो यह केवल तकनीकी चूक नहीं मानी जा सकती। यह संकेत है कि या तो सबूतों का पर्याप्त परीक्षण नहीं हुआ या फिर जांच की दिशा ही कमजोर आधार पर खड़ी थी। किसी भी मुख्यमंत्री चाहे वह सत्तारूढ़ दल से हो या विपक्ष से, गिरफ्तारी अत्यंत गंभीर कदम है। यह कदम तभी उठाया जाना चाहिए, जब जांच एजेंसी के पास पुख्ता और अदालत में टिक सकने वाले प्रमाण हों। अन्यथा, गिरफ्तारी स्वयं में राजनीतिक विवाद का कारण बन जाती है और एजेंसी की निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं। हाई-प्रोफाइल मामलों में विफलता का एक और आयाम है राजनीतिक ध्रुवीकरण। जब अदालतें आरोपों को खारिज करती हैं, तो विपक्ष को यह कहने का अवसर मिल जाता है कि जांच राजनीतिक प्रेरणा से की गई थी। दूसरी ओर, सत्तारूढ़ पक्ष एजेंसी की कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम बताता है। इस खींचतान में सबसे अधिक क्षति न्याय व्यवस्था और जांच एजेंसी की साख को होती है। सीबीआई देश की प्रमुख जांच एजेंसी है और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह पेशेवर दक्षता, पारदर्शिता और कानूनी मजबूती के साथ काम करे। जांच अधिकारियों के प्रशिक्षण, साक्ष्य संकलन की वैज्ञानिक पद्धति और अभियोजन पक्ष के साथ बेहतर समन्वय जैसे पहलुओं पर गंभीरता से ध्यान देना होगा।



कूटनीति
अरविंद जयतिलक

# भारत-इजराइल संबंधों का सुनहरा अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा न सिर्फ दोनों देशों के ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाली है बल्कि इस यात्रा के ढेर सारे कूटनीतिक, रणनीतिक और सामरिक मायने भी हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मजबूत रिश्ते की पैरोकारी करते हुए आपसी कारोबार व सामरिक लक्ष्य को हासिल करने के निमित्त तकनीक एआई, स्टार्ट अप, क्रिटिकल और इमरजिंग टेक्नोलॉजी, डिफेंस, इकोनॉमी, कृषि और अनुसंधान समेत कुल 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई है। अब दोनों देशों के प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी तथा दोनों देश आतंकवाद और दहशतगर्दी के खिलाफ हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा न सिर्फ दोनों देशों के ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाली है बल्कि इस यात्रा के ढेर सारे कूटनीतिक, रणनीतिक और सामरिक मायने भी हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मजबूत रिश्ते की पैरोकारी करते हुए आपसी कारोबार व सामरिक लक्ष्य को हासिल करने के निमित्त तकनीक एआई, स्टार्ट अप, क्रिटिकल और इमरजिंग टेक्नोलॉजी, डिफेंस, इकोनॉमी, कृषि और अनुसंधान समेत कुल 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई है।

दोनों देशों ने विज्ञान और तकनीक पर मौजूद जॉइंट कमिशन को मंत्रीस्तरीय दर्जे तक ले जाने के निर्णय के साथ ही भारत में इजराइल की मदद से चल रहे 43 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को विस्तार देकर 100 करने पर भी हामी भरी है। इजराइल की मदद से भारत में एग्रीकल्चर इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर की स्थापना का भी निर्णय लिया है। दोनों देश एफटीए यानि (मुक्त व्यापार समझौता) पर आगे बढ़ते हुए दूसरे दौर की बातचीत मई माह में करने जा रहे हैं। इस यात्रा में पहले दौर की बातचीत का चरण पूरा हो चुका है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों ने एफटीए के टर्म्स और रेफरेंस को लेकर गत वर्ष नवंबर माह में हस्ताक्षर कर चुके हैं। गौर करें तो दोनों देशों का आपसी कारोबार वित्त वर्ष 2024-25 में तकरीबन 3.62 बिलियन डॉलर का था और अब अगर एफटीए मूर्त रूप लेता है तो दोनों देशों के कारोबार में कई गुना वृद्धि होगी। अच्छी बात है कि अब भारत का यूपीआइ पेमेंट सिस्टम इजराइल में भी चलेगा। दोनों देशों के बीच भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमइसी) और आईटूयूटू (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका समूह) के तहत सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने दो टूक कहा है कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता भारत के हित जुड़े हैं इसलिए हम आतंकवाद और इसके समर्थकों का विरोध करते रहेंगे।

दोनों देशों ने बढ़ते कट्टरपंथ और आतंकवाद से निपटने के लिए आपसी कंधा जोड़ने की जरूरत पर बल दिया है। गौर करें तो 2018 और उससे पहले 2002 में दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ द्विपक्षीय समझौते को आकार देते हुए आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्यदल का गठन किया था। आज वह कार्यबल, सूचनाओं के आदान-प्रदान से लेकर आतंकवाद की भयावहता से निपटने की तकनीक को सीखने में भरपूर मददगार साबित हो रहा है। बहरहाल आतंकवाद से जूझ रहे इन दोनों देशों की परिस्थितियां भिन्न-भिन्न हैं, लेकिन समस्या एक जैसी है। जहां भारत पड़ोसी देश पाकिस्तान के प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है, वहीं इजराइल सीमा पार से फिलिस्तीन में डेरा जमाए आतंकी संगठन फतह और हमास से जूझ रहा है। अब दोनों देश मिलकर आतंक के खिलाफ लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने की कोशिश में एक मंच पर हैं। यहां ध्यान देना होगा कि अभी तक इजराइल से भारत की अति निकटता को दोधारी तलवार सरीखा माना जाता था।

यह कारण गिनाया जाता था कि चूंकि इजराइल और ईरान एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते, लिहाजा भारत को इजराइल से संबंध जोड़ने के मामले में फूंककर कदम रखना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल



यात्रा और बेंजामिन नेतान्याहू की भारत यात्रा ने इस मिथक को तोड़ दिया है। दोनों देश तेजी से एक-दूसरे के निकट आ रहे हैं। हालांकि भारत की घरेलू राजनीति में कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम वोटयुक्ति के लिए नेतान्याहू और मोदी की युगलबंदी पर लगातार तंज कसते रहे हैं ,लेकिन आम जनमानस दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते रिश्ते से खुश है। किसी से छिपा नहीं है कि भारत के अधिकांश राजनीतिक दल फिलिस्तीन के मुद्दे पर इजराइल के निकट जाकर मुसलमानों की नाराजगी मोल लेने से बचते हैं। गौर करें तो प्रधानमंत्री मोदी से पहले किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने इजराइल जाने की जहमत नहीं उठायी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेतान्याहू ने पूर्वाग्रह के खोल से बाहर निकलकर भारत-इजराइल संबंधों को परवान चढ़ाया है। यहां ध्यान देना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईरान की भी यात्रा कर उसे भरोसा दे चुके हैं कि इजराइल से उसकी दोस्ती उसकी कीमत पर नहीं होगी। बदलते कूटनीतिक परिदृश्य में ईरान भी भारत की रणनीतिक सोच से अच्छी तरह अवगत है। उसका भारत पर विश्वास का ही नतीजा है कि वह चाबहार समझौते के लिए तैयार हुआ, जिसके जरिए भारत को चीन व पाकिस्तान पर नकेल कसने में मदद मिल रही है। गौर करें तो भारत-इजराइल दोनों देश उपनिवेशवाद के परवर्ती युग की उपज हैं और आज की तारीख में दोनों ही अपने शत्रुभाव रखने वाले पड़ोसी देशों से पीड़ित हैं। ऐसे में अगर दोनों देश प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को गति देते हैं तो निःसंदेह यह दोनों देशों के हित में होगा। गौर करें तो भारत और इजराइल के बीच प्रतिरक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

भारत इजराइली हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार देश है। भारत रक्षा हार्डवेयर के आयात में विश्व के सबसे बड़े आयातकों में से एक है, जबकि इजराइल इसका एक प्रमुख निर्यातक है। आज इजराइल ने उच्च तकनीक वाले रक्षा उपकरणों के आपूर्तिकर्ता के रूप में स्वयं को एक बड़े विकल्प के रूप में उभार लिया है। यहां ध्यान देना होगा कि इजराइल जिसकी अर्थव्यवस्था फिलिस्तीन युद्ध के कारण डांवाडोल होती रही है, को भी भारत के रूप में रक्षा उपकरणों के लिए एक बड़ा बाजार चाहिए। यही वजह है कि भारत के प्रति इजराइल की दिलचस्पी बनी हुई है। प्रतिरक्षा के अलावा व्यापार-कारोबार के क्षेत्र में भी दोनों देश नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। इजराइल भारत में निवेश करने वाले शीर्ष देशों में शुमार है। एक आंकड़े के मुताबिक भारत में अप्रैल 2000 से सितंबर 2025 के बीच इजराइल से 334.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई प्राप्त हुआ। इजराइल को कृषि विकास के क्षेत्र में महारत हासिल है।

दोनों देशों द्वारा औद्योगिक व प्रौद्योगिकी नवोन्मेश कोश के लिए आधी-आधी राशि का भुगतान, गंगा की सफाई, जल संरक्षण, परमाणु घड़ी के लिए सहयोग, जीईओ-एलईओ ऑप्टिकल लिंक, नैनो सेटलाइट को ऊर्जा इत्यादि पर भी तेजी से काम चल रहा है। भारत में निजी क्षेत्र ने भी इजराइली तकनीक में दिलचस्पी दिखायी है तथा बागवानी एवं सिंचाई के क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई प्रणाली के उत्पादन के लिए टीवीएस का गठन किया गया है। फिलहाल दोनों देश आयात-निर्यात संतुलन को लेकर भी संजीदा हैं ताकि दोनों को कारोबार का समान लाभ मिले। भारत इजराइल को जेवरात, दवाइयां, औषधीय सामग्रियां, सूती धागे, वस्त्र, प्लास्टिक तथा लाइनोलियम इत्यादि निर्यात करता है। वहीं, इजराइल से मोती, कीमती पत्थर इत्यादि आयात करता है। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदा यात्रा से अब दोनों देशों के प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी तथा दोनों देश आतंकवाद और दहशतगर्दी के खिलाफ हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विवादित पाठ
प्रमोद भार्गव



# न्यायपालिका के साथ विधायिका व कार्यपालिका भी जवाबदेह बनें

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) की पाठ्य पुस्तकों में धर्म, इतिहास और प्राचीन भारतीय विज्ञान व ज्ञान परंपरा से संबंधित यदि कोई पाठ जोड़ा जाता है, तो वह अक्सर विवाद का कारण बनता है। यहां तक कि लोकसभा में हंगामा होता है और बदली गई पाठों वाली पुस्तकें जलाई जाती हैं। अब एनसीईआरटी ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्य पुस्तक में एक नया पाठ जोड़कर 'आ बैल मुझे मार' वाली कहावत को चरितार्थ कर किया है।

इस पाठ के जरिए अब विद्यालयों में विद्यार्थियों को कम उम्र से ही न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और लंबित मामलों के साथ-साथ वास्तविक चुनौतियों से भी परिचित कराया जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश की अदालतों में खूब भ्रष्टाचार है। कुछ समय पहले ही एक न्यायाधीश के निवास पर करोड़ों रुपये मिलने के बाद उन पर महाभियोग चलाने की बात भी उठी थी, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में है। शायद इसीलिए इस पाठ में जवाबदेही के साथ महाभियोग प्रक्रिया का भी ज्ञान दिया गया है। क्या इससे भी बदतर स्थिति कार्यपालिका और विधायिका में नहीं है? यदि इस पाठ में संविधान के इन स्तंभों को भी जोड़ दिया जाता तो शायद यह पहल निर्विवादित रहती? लेकिन ऐसा न करके एनसीईआरटी में बेवजह एक नए विवाद को आमंत्रित कर दिया है। हालांकि, वकीलों द्वारा आपत्ति जताई जाने और सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में ले लिए जाने के बाद इस पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। न्यायपालिका ने इसे न्यायपालिका को सुनियोजित ढंग से बदनाम करने की साजिश माना है। न्यायालयों में पर्यापत भ्रष्टाचार है, लेकिन बिना किसी साक्ष्य के उस पर बात करना उचित नहीं है। जहां तक न्यायालयों में लंबित मुकदमों और न्यायाधीशों की कमी की बात है तो अदालतें स्वयं ही आंकड़े प्रस्तुत करती रहती हैं। इन कमियों को सामने लाना न्यायपालिका की पारदर्शिता को जताता है। विधायिका में तो कई सांसद और विधायक सदन में सवाल पूछने की रिश्वत लेते समाचार चैनलों द्वारा रंगे हाथ पकड़े गए हैं। ऐसे में यदि कार्यपालिका और विधायिका को भी इस पाठ में सम्मिलित कर दिया जाता तो विद्यार्थियों को यह पता चलता कि लोकतंत्र के तीनों स्तंभ भ्रष्टाचार से किस हद तक प्रभावित हो रहे हैं। इसी तरह पंचायत पदाधिकारियों और राजस्व मामलों का निराकरण राजस्व न्यायालयों में न होने के कारण न्यायालयों में प्रकरणों की संख्या बढ़ रही है। जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा और बिजली बिलों का विभाग स्तर पर नहीं निपटना भी अदालतों पर बोझ बढ़ा रहे हैं। कई प्रांतों के भू-राजस्व कानून विसंगतिपूर्ण हैं। इनमें नाजायज कब्जे को वैध ठहराने के उपाय हैं। जबकि जिस व्यक्ति के पास दस्तावेजी साक्ष्य हैं, वह भटकता रहता है।

इन विसंगतिपूर्ण धाराओं का विलोपीकरण करके अवैध कब्जों से संबंधित मामलों से निजात पाई जा सकती है, लेकिन नौकरशाही ऐसे कानूनों का वजूद बने रहना चाहती है, क्योंकि इनके बने रहने पर ही इनके रौब-रुतबा और पौ-बारह सुनिश्चित हैं। अलबत्ता आज भी ब्रिटिश परंपरा के अनुसार अनेक न्यायाधीष ग्रीष्म ऋतु में छुट्टियों पर चले जाते हैं। सरकारी नौकरियों में जब से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान हुआ है, तब से हरेक विभाग में महिलाकर्मियों की संख्या बढ़ी है। इन महिलाओं को 26 माह के प्रसूति अवकाश के साथ दो बच्चों की 18 साल की उम्र तक के लिए दो वर्ष का 'बाल सुरक्षा अवकाश' भी दिया जाता है। अदालत से लेकर अन्य सरकारी विभागों में मामलों के लंबित होने में ये अवकाश एक बड़ा कारण बन रहे हैं। इधर, कुछ समय से लोगों के मन में यह भ्रम भी पैठ कर गया है कि न्यायपालिका से डंडा चलवाकर विधायिका और कार्यपालिका से छोटे से छोटा काम भी कराया जा सकता है। इस कारण न्यायालयों में जनहित याचिकाएं बढ़ रही हैं, जो न्यायालय के बुनियादी कामों को प्रभावित कर रही हैं। सरकारी नौकरी में आर्थिक सुरक्षा और प्रतिष्ठा निर्मित हो जाने से बौद्धिक योग्यता और पद प्रतिष्ठा की एक नई संस्कृति पनपी है। यदि कोई युवक या युवती सिविल जज बन जाता है, तो वे सिविज जज से ही शादी करने लग गए हैं। शादी के बाद दपंत्ति की अलग-अलग जगह पद्स्थापना इन्हें मिलने में रोड़ा बनती है, अतएव ये लोग किसी न किसी बहाने छुट्टी लेकर एक-दूसरे से मिलने चले जाते हैं। ये नई संस्कृति अदालतों में काम का बोझ बढ़ाने का नया कारण बन गई है। अतएव, इस तरह के बिंदु नए पाठ में शामिल कर दिए जाते तो विद्यार्थियों को अदालतों में व्याप्त भ्रष्टाचार और मुकदमों की बढ़ती संख्या की व्यापक जानकारी मिलती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## निंदा का परित्याग



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

## जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

अंतर्मन




आज की पाती

### बदलता मौसम और अनिश्चित भविष्य

फरवरी का महीना कभी सर्द हवाओं, हल्की धूप और पहाड़ों पर जमी बर्फ के लिए जाना जाता था, लेकिन इस बार तस्वीर बिल्कुल अलग है। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर चल रहा है। कश्मीर घाटी, जिसे बर्फ और ठंड की धरती माना जाता है, वहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह फरवरी के इतिहास में असामान्य माना जा रहा है। 24 फरवरी 2016 को 20.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ था, लेकिन इस वर्ष उससे भी अधिक गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डा. मुख्तार अहमद के अनुसार इस बार कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ, जिससे सामान्य शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी नहीं हो सकी। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि वायुमंडलीय असंतुलन का संकेत है।

*-परेश कौशिक, रायपुर*

करंट अफेयर

## चीन में विधायिका के 19 सदस्य बर्खास्त किए गए

चीन की विधायिका ने अपनी वार्षिक बैठक शुरू होने से एक सप्ताह पहले 19 सदस्यों को बर्खास्त कर दिया है, जिनमें नौ सैन्य अधिकारी शामिल हैं। देर बृहस्पतिवार की गई इस घोषणा में यह नहीं बताया गया कि इस सदस्यों को क्यों हटाया गया है, लेकिन आमतौर पर इस तरह की कार्रवाई को भ्रष्टाचार संबंधी जांच से जोड़कर देखा जाता है। चीन के नेता शी चिनफिंग द्वारा शुरू किया गया भ्रष्टाचार रोधी अभियान एक दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी थमता नजर नहीं आ रहा है। हाल के वर्षों में इस अभियान के दायरे में सेना भी आयी है। ऐसे में पिछले महीने सेना के शीर्ष जनरल को हटाए जाने की कार्रवाई भी इसी क्रम का हिस्सा मानी जा रही है, जब शी सशस्त्र बलों में सुधार और आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। शी चिनफिंग 14 साल से सत्ता में हैं और विश्लेषकों का कहना है कि यह अभियान संभावित प्रतिद्वंद्वियों को हटाने और अपने अधीनस्थों के बीच निष्ठासुनिश्चित करने का एक तरीका भी है। इन बर्खास्तियों का नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की बैठक पर कोई बड़ा प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है, जो अगले बृहस्पतिर को शुरू होगी और इसके एक सप्ताह तक चलने की उम्मीद है।



ऑफ बीट

## रेन कोट की पानी से बचाव की क्षमता घटने के कारण

तेज बारिश में बाहर निकलने के कुछ ही समय बाद यदि रेन कोट के अंदर कपड़े भीगने लगें, तो अक्सर लगता है कि 'वाटरप्रूफ' कोट ने काम करना बंद कर दिया। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर रेन कोट अचानक खराब नहीं होता, बल्कि उसकी बाहरी परत, गंदगी और लंबे उपयोग का असर धीरे-धीरे उसकी क्षमता कम करता है। अधिकतर गुणवत्तापूर्ण रेन कोट के भीतर एक विशेष वाटरप्रूफ मेम्ब्रेन लगी होती है। गोर-टेक्स जैसी तकनीक में पीटीएफई या ईपीटीएफई की अत्यंत पतली परत होती है, जिसमें सूक्ष्म छिद्र बने होते हैं। ये छिद्र पानी की बूंदों को भीतर आने से रोकते हैं, लेकिन शरीर से निकलने वाली जलवाष्प को बाहर जाने देते हैं। कुछ अन्य कोट ठोस, गैर-छिद्रयुक्त मेम्ब्रेन का उपयोग करते हैं, जो नमी को अवशोषित कर अणु-दर-अणु बाहर निकालती हैं। रेन कोट के बाहरी कपड़े पर 'ड्यूरेबल वाटर रिपेलेंट' (डीडब्ल्यूआर) नामक रासायनिक परत लगाई जाती है, जिससे पानी बूंदों के रूप में फिसल जाता है। पहले इन परतों में पीएफएएस जैसे 'फॉरएवर केमिकल्स' का इस्तेमाल होता था, लेकिन पर्यावरणीय चिंताओं के कारण अब सिलिकॉन या हाइड्रोकार्बन आधारित विकल्प अपनाए जा रहे हैं।



X ट्रेंड

### पुण्यतिथि पर नमन



संघ से लेकर भाजपा तक, राष्ट्रसेवा व समाज-कल्याण के लिए समर्पित 'भारत रत्न' नानाजी देशमुख ने ग्रामोदय को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया और भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा के आजीवन पथप्रदर्शक रहे। नानाजी देशमुख को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### शांतिपूर्ण विरोध 'अपराध'



आज भारत में कंप्रोमाइज्ड पीएम के राज में शांतिपूर्ण विरोध करना सबसे बड़ा "अपराध" बना दिया गया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को धीरे-धीरे ऐसी दिशा में धकेला जा रहा है, जहां असहमति को देशद्रोह और सवाल पूछने को साजिश बताया जाता है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### जनविश्वास का प्रतिबिंब



हमारी सरकार का रिपोर्ट कार्ड पिछले एक साल में दिल्ली के लिए किए गए कार्यों का लेखा-जोखा है और विकसित दिल्ली का रोडमैप भी है। यह उत्तर-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में हुए ठोस कार्यों, बुनियादी सुविधाओं, बढ़ते जनविश्वास का प्रतिबिंब है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### कट्टर ईमानदार



एक बार फिर डा. आम्बेडकर की दूरदर्शी सोच और उनके बनाए संविधान पर फख्र महसूस हो रहा है। बीजेपी व सारी एजेंसियों की हमें बेईमान साबित करने की तमाम कोशिशों के बावजूद आज साबित हो गया कि केजरीवाल-सिसोदिया कट्टर ईमानदार है।

**- मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री, आप**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# जैक्स-रेहान के हरफनमौला खेल से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को हराया

## अंग्रेजों ने लगातार तीसरा सुपर-8 मैच जीता

## कीवियों की उम्मीदें पाकिस्तान पर टिकीं

भाषा कोलंबो

**न्यूजीलैंड को 4 विकेट से दी मात**

विल जैक्स और रेहान अहमद के हरफनमौला खेल के दम पर इंग्लैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में शुक्रवार को यहां हार के कगार से वापसी करते हुए न्यूजीलैंड पर चार विकेट से शानदार जीत दर्ज की। जैक्स ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट और रेहान ने तीन ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लेने बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए सातवें विकेट के लिए 16 गेंद में 44 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जैक्स ने 18 गेंद में नाबाद 32 रन की ताबड़तोड़ पारी जबकि रेहान ने सात गेंद में नाबाद 19 रन बनाये। न्यूजीलैंड को सात विकेट पर 159 रन पर रोकने के बाद इंग्लैंड ने तीन गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इस नतीजे के साथ पाकिस्तान की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जीवित रहीं। अब उसे शनिवार को शनिवार को पाल्लेकल में श्रीलंका को 64 रनों से हराना होगा या 13.1 ओवर में लक्ष्य का पीछा करना होगा नहीं तो न्यूजीलैंड क्वालीफाई कर जाएगा। इंग्लैंड पहले ही तीन मैचों में तीन जीत से अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बना चुका है। लक्ष्य का पीछा करते समय इंग्लैंड की टीम 17 ओवर में छह विकेट पर 117 रन बनाकर संकट में फंसी हुई थी और उसे आखिरी 18 गेंदों पर 43 रन की दरकार थी। टूर्नामेंट में चौथी बार मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये जैक्स और रेहान ने 18वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स पर 22 रन बटोरकर मैच का रुख पलट दिया और समीकरण 12 गेंदों में 21 रन पर ला दिया। इस जोड़ी ने कप्तान मिचेल सैंटनर के ओवर से 16 रन जुटाकर इंग्लैंड को निर्णायक बढ़त दिला दी और इंग्लैंड ने तीन गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले जैक्स और रेहान के साथ आदिल रशीद (28 रन पर दो विकेट) की स्पिनरों की तिकड़ी ने अच्छी शुरुआत के बाद न्यूजीलैंड को बड़ स्कोर खड़ा करने से रोक दिया।




## सम्मानजनक विदाई लेना चाहेगा श्रीलंका, बड़ी जीत पर पाकिस्तान की नजर

**पाल्लेकल।** अगर मगर की कठिन डगर पर फंसा पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को होने वाले टी-20 विश्व कप सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा। संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तान का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और वह अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। इस ग्रुप से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है जबकि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के तीन अंक हैं और उसका नेट रन रेट (3.050) भी पाकिस्तान से बेहतर है। पाकिस्तान का अभी तक केवल एक अंक है और उसका नेट रन रेट भी माइनस 0.461 है।

## 10 साल बाद फिर आमना-सामना, वेस्टइंडीज पर ढिलाई नहीं बरतेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम अपने घर में खेलने के बावजूद वेस्टइंडीज को बिल्कुल भी हल्के में नहीं लेगी। इसकी वजह 2016 का टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल है, जिसमें भारतीय टीम को वेस्टइंडीज ने 7 विकेट से हराकर खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया था। 31 मार्च 2016 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए सेमीफाइनल में एमएस धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने विराट कोहली के नाबाद 47 गेंद पर बनाए 89 रन की मदद से 2 विकेट पर 192 रन बनाए थे। स्कोर कम नहीं था, लेकिन वेस्टइंडीज की मजबूत बल्लेबाजी ने इस स्कोर को बौना साबित कर दिया। लेंडल सिमंस के 51 गेंदों पर 5 छक्कों और 7 चौकों की मदद से खेली गई नाबाद 82 और आंद्रे रसेल के 20 गेंदों पर बनाए विस्फोटक 43 रनों की पारी के दम पर वेस्टइंडीज ने 19.4 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाकर न सिर्फ मैच जीता था बल्कि अपने घर में भारतीय टीम के विश्व कप जीतने का सपना तोड़ा था। वेस्टइंडीज इंग्लैंड को हराकर चैंपियन बनी थी। उस समय टीम के कप्तान रहे डेरन सैमी मौजूदा समय में टीम के हेड कोच हैं।

## खबर संक्षेप

### नीमन को हराकर अरविंद ने चौंकाया, गुकेश ने खेला ड्रॉ

**प्राग।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव के साथ अंक बांटकर एक और ड्रॉ खेला, लेकिन मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के दूसरे दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराकर सबको चौंका दिया। गुकेश लगातार दूसरी बाजी में सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और उन्हें लगातार दूसरे दौर में अंक बांटने पड़े।

### भारतीय रेलवे ने 72वीं सीनियर पुरूष राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप जीती

**वडोदरा।** भारतीय रेलवे ने शुक्रवार को यहां फाइनल में महाराष्ट्र को 49-31 से हराकर 72वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप का खिताब जीता। टूर्नामेंट के आखिरी दिन की शुरुआत उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र तथा भारतीय रेलवे और चंडीगढ़ के बीच खेले गए दो सेमीफाइनल से हुई। सेमीफाइनल में जीत के बाद रेलवे और महाराष्ट्र फाइनल में पहुंचे। महाराष्ट्र ने अपने मजबूत ऑल-राउंड प्रदर्शन से दबदबा बनाया।

## महिला वनडे सीरीज में भारत को हराकर कंगारू टीम ने 2-0 से बढ़त की कायम

# ऑस्ट्रेलिया ने 14 ओवर पहले ही चेज कर लिया टारगेट, 5 विकेट से दूसरा वनडे किया अपने नाम

एजेंसी होबार्ट

दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया। महिला टीमों की इस सीरीज में कंगारू टीम ने 3 एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त कायम कर ली है। होबार्ट में खेले गए इस मैच में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 251 रन ही बना पाई थी। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 37वें ओवर में ही लक्ष्य को हासिल करके बड़ी जीत हासिल की।पहले बल्लेबाजी करने आई टीम इंडिया के लिए प्रतिका रावल ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। स्मृति मंधाना ने 31 रन बनाए, वहीं जेमिमा रोड्रीग्स का बल्ला खामोश रहा, कप्तान हरमानप्रीत कौर ने जरूर 54 रनों का योगदान दिया। एक समय टीम इंडिया ने केवल 2 विकेट खोकर 100 रन बना लिए थे, लेकिन उसके बाद लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। नतीजन भारतीय बल्लेबाजी 251 रनों पर सिमट कर रह गई।



### खराब बल्लेबाजी भारत को महंगी पड़ी: हरमनप्रीत

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में खराब बल्लेबाजी की वजह से उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल नवंबर में विश्व चैंपियन बनने के बाद यह भारतीय टीम की पहली 50 ओवर की श्रृंखला है। वनडे श्रृंखला के बाद एक टेस्ट भी खेला जाएगा।



हरमनप्रीत ने कहा, ' हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। एक समूह के तौर पर हमने तय किया कि पहले बल्लेबाजी करते हैं और 300 से ज्यादा का स्कोर बनाएंगे क्योंकि पिच पिछले मैच की पिच से कहीं बेहतर थी।' उन्होंने कहा, 'लेकिन बदकिस्मती से हमने फिर वही गलतियां कीं। हमने लगातार विकेट गंवाए और ज्यादा रन नहीं बना पाए।' हरमनप्रीत ने कहा, 'हम चाहे पहले बल्लेबाजी करें या लक्ष्य का पीछा करते हुए, हमें बहुत अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी क्योंकि जब भी हम अच्छी बल्लेबाजी करे हैं, हम अच्छी स्थिति में होते हैं।



**योगेश कोहली आईटीएफ मास्टर्स में नंबर 1 स्थान हासिल करने वाले हरियाणा के पहले खिलाड़ी**

हिसार। मेरठ में आयोजित प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने के बाद विजयी मुद्रा में।

# सीनियर टेनिस में भारत के नंबर वन खिलाड़ी बने योगेश

हरिभूमि न्यूज हिसार

**योगश कोहली की विश्व रैंकिंग 40 और भारत में रैंक 1 हुई**

- प्रतियोगिता में जीत के बाद योगेश कोहली का विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन की प्रबल संभावना
- उत्तर प्रदेश में हुई एम टी-700 वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स टूर का खिताब जीता

मेरठ उत्तर प्रदेश में एमटी 700 वल्र्ड टेनिस मास्टर्स टूर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश के अनेक सीनियर टेनिस खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। हिसार के सीनियर टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली ने इस सीनियर टेनिस प्रतियोगिता में अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। एमटी 700 प्रतियोगिता में जीत के बाद वे भारत के नंबर वन सीनियर टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। एमटी-700 प्रतियोगिता टेनिस की टॉप लेवल की प्रतियोगिता है। सीनियर टेनिस में 100, 200, 400 व 700 एमटी की प्रतियोगिताएं होती हैं जिनमें विजयी रहने वाले खिलाड़ियों की वर्ल्ड रेंकिंग निर्धारित की जाती है। इससे पूर्व जनवरी माह में योगेश कोहली ने गुडगांव में आयोजित एमटी 400 की प्रतियोगिता जीती थी। अपनी इस उपलब्धि पर योगेश कोहली ने कहा कि यह जीत उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है।






## खबर संक्षेप

### एनसीईआरटी ने सलाह जारी की: प्रतिबंधित पाठ्यपुस्तक लौटाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने शुक्रवार को एक परामर्श जारी कर कहा कि जिन लोगों के पास 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के अध्याय वाली आठवीं कक्षा की प्रतिबंधित पाठ्यपुस्तकें हैं, वे उन्हें जल्द से जल्द लौटाएं। एनसीईआरटी ने सोशल मीडिया पर साझा की गई प्रतिबंधित पाठ्यपुस्तकों के विवादास्पद अध्याय से जुड़ी सामग्री को तत्काल हटाया जाए।

### आत्महत्या शब्द खोजने पर इंस्टाग्राम देगा अलर्ट

**वॉशिंगटन।** सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम ने घोषणा की है कि यदि किशोर उपयोगकर्ता आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाने से संबंधित शब्दों को बार-बार खोजते हैं, तो वह उनके अभिभावकों को सूचित करेगा। यह अलर्ट केवल उन अभिभावकों को भेजे जाएंगे जो इंस्टाग्राम के 'पैरेंटल सुपरविजन' कार्यक्रम में नामांकित हैं। इंस्टाग्राम का कहना है कि वह पहले से ही ऐसे संवेदनशील कंटेंट को किशोरों के सर्च परिणामों में दिखने से रोकता है।

### एप्स्टीन मामले में 'कुछ भी गलत नहीं किया': क्लिंटन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने यौन उत्पीड़न के अपराधी जेफ्री एप्स्टीन संबंधी मामले की जांच कर रहे सांसदों के समक्ष अपनी गवाही देते हुए कहा कि उन्होंने 'कुछ भी गलत नहीं किया और उन्हें 'एप्स्टीन द्वारा उत्पीड़न किए जाने का कोई संकेत नहीं' दिखा। न्यूयॉर्क के बंद कमरे में यह पहली बार हुआ जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को संसद के सामने गवाही देने के लिए बाध्य होना पड़ा। यह घटनाक्रम क्लिंटन की पत्नी हिलेरी द्वारा सांसदों के सामने गवाही दिए जाने के एक दिन बाद हुआ है।

### सूरत के पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** सूरत स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली जो बाद में झूठी निकली, लेकिन ई-मेल गलती से राज्य भर के डाकघरों में भेज दिया गया, जिससे दहशत फैल गई। सहायक पुलिस आयुक्त वीआर मल्होत्रा ने बताया कि धमकी दी गई कि दोपहर 12.10 बजे परिसर में आरडीएक्स विस्फोट होगा और इसे खाली करा लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उमरा थाने और बम निरोधक दस्ते की टीम मौके पर पहुंची लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का दावा द्विपक्षीय वार्ता जारी

# टैरिफ अनिश्चितता के बीच यूएस के साथ ट्रेड डील में अपने हितों की रक्षा करेगा भारत

### इस वर्ष भारत के निर्यात में वृद्धि की संभावना

*पीयूष गोयल ने कहा कि बदलती परिस्थितियों के बीच अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता जारी है और समझौते के कई सकारात्मक पहलू सामने आए हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा पहले घोषित टैरिफ बढ़ोतरी को रद्द किए जाने के बाद बदली हुई स्थिति को देखते हुए, यदि आवश्यक हुआ तो भारत अपने हितों की रक्षा के लिए अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते में फिर से संतुलन लाने का प्रयास करेगा। गोयल ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ को लेकर बदलती स्थिति को देखते हुए हम हालात पर नजर रखेंगे और भारत के हितों की रक्षा सुनिश्चित करेंगे।



#### फिर से संतुलन बनाएंगे

उन्होंने कहा कि हालात लगातार बदल रहे हैं और ट्रंप प्रशासन ने कुछ बयान दिए हैं। उनके पास अन्य उपाय भी हैं जिनका वे इस्तेमाल कर सकते हैं। अगले हफ्ते वे टैरिफ बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर सकते हैं। साथ ही अन्य कई तरह की बातचीत चल रही है। मैंने कहा था कि अगर हालात बदलते हैं, तो समझौते में फिर से संतुलन स्थापित किया जाएगा।

#### समझौते में कई सकारात्मक पहलू

उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हुए समझौते में कई सकारात्मक पहलू हैं, देखते हैं आगे क्या होता है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौता प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के बारे में होता है। बदलती परिस्थितियों के बीच अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता जारी है और समझौते के कई सकारात्मक पहलू सामने आए हैं।

#### संवेदनशील क्षेत्र संरक्षित रखे गए

*गोयल ने दोहराया कि प्रस्तावित व्यवस्था में भारत के संवेदनशील डेयरी और कृषि क्षेत्रों को संरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद इस वर्ष भारत के निर्यात में वृद्धि की संभावना है।*

#### बैठक पुनर्निर्धारित, नई तारीख जल्द

*भारत और वाशिंगटन ने अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर आधिकारिक बैठक को पुनर्निर्धारित करने का निर्णय लिया है, ताकि दोनों पक्ष ट्रंप प्रशासन द्वारा किए गए शुल्क वृद्धि को रद्द करने वाले अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के प्रभावों पर विचार कर सकें। दोनों देशों के मुख्य व्यापार वार्ताकारों के नेतृत्व वाली टीमों के बीच तीन दिवसीय बैठक पहले 23 फरवरी को अमेरिका में प्रस्तावित थी। बैठक के लिए एक नई तारीख तय की जाएगी, जो दोनों पक्षों के लिए सुविधाजनक हो।*

### उपराष्ट्रपति वेंस का बड़ा खुलासा

# अमेरिका नहीं बनेगा मध्य पूर्व में किसी 'लंबे युद्ध' का हिस्सा



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उन आशंकाओं को सिरे से खारिज कर दिया कि अमेरिका मध्य पूर्व में किसी लंबे युद्ध का हिस्सा बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के विरुद्ध नए सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हों, लेकिन अमेरिका के एक और लंबे क्षेत्रीय संघर्ष में शामिल होने की कोई संभावना नहीं है।

#### जो होना है, वह हमने बता दिया: अराघची

*अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के दौरान गुरुवार को जिनेवा में दोनों देशों ने वार्ता की। कई घंटों की बैठक के बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि यह गहरी चिंता भरी लंबी बातचीतों में से एक है। जिनेवा में अब तक हुई इन चर्चाओं के बाद कोई समझौता नहीं हो सका, जिससे पश्चिम एशिया में फिर से युद्ध की आशंका बनी हुई है। अराघची ने कहा कि जो कुछ होना है, वह हमारी ओर से साफ कर दिया गया है। जिनेवा में हुई कई घंटों की अप्रत्यक्ष वार्ता के बावजूद दोनों पक्षों के बीच कोई समझौता नहीं हो सका। वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने कहा कि बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आगे की वार्ता का दौर अगले सप्ताह वियना में होगा, जहां अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का मुख्यालय स्थित है।*

### ओपीटी वर्क रूट की फिर से होगी समीक्षा, तीन लाख से ज्यादा भारतीय छात्र प्रभावित होंगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में पढ़ाई कर रहे हजारों विदेशी छात्रों पर असर डालने वाला एक बड़ा कदम उठाया गया है। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) ने कहा है कि वह ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग यानी ओपीटी कार्यक्रम की दोबारा समीक्षा कर रहा है। इसका मतलब है कि पढ़ाई पूरी करने के बाद काम करने की जो व्यवस्था एफ-1 वीजा धारकों के लिए है, उसमें नियम बदले जा सकते हैं। डीएचएस सचिव क्रिस्टी नोएम ने बताया कि नोएम ने बताया कि ओपीटी को 'काम से जुड़ा लाभ' बताया था, जिसे नियमों के जरिए बनाया गया है, न कि सीधे कानून से। इस समय अमेरिका में तीन लाख से ज्यादा भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। इनमें से बड़ी संख्या पढ़ाई पूरी करने के बाद ओपीटी के तहत काम कर रही है।

## मिलेनियल्स के बाद 'जेन-जेड' कांग्रेस को सबक सिखाएगी: मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एआई इम्पैक्ट' शिखर सम्मेलन में कांग्रेस की युवा इकाई के सदस्यों द्वारा 'कमीज उतारकर किये गए प्रदर्शन' की शुक्रवार को कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ''चाहे जितने कपड़े फाड़ना चाहती है, फाड़ सकती है'' लेकिन उनकी सरकार भारत के विकास के लिए काम करना जारी रखेगी। मोदी ने एक समिट को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने न सिर्फ विदेशी मेहमानों के सामने अपने कपड़े उतारे बल्कि अपना बौद्धिक दिवालियापन भी उजागर किया। उन्होंने रेखांकित किया कि 'मिलेनियल' पीढ़ी (1981-1996 में जन्मे लोग) ने देश की सबसे पुरानी पार्टी को सबक सिखा दिया है और अब 'जेन-जेड' (1997 से 2012 के बीच जन्मे लोग) भी ऐसा ही करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष नए संसद भवन के ऊपर स्थापित 'बब्बर शेरों' की प्रतिमा को देखकर नाखुश है, लेकिन उनके अपने 'बब्बर शेर' आम जनता के 'जूतों' का सामना करने के बाद भाग रहे हैं।



## जज साहब बोले-मैं भूखा और थका हूं, मैं फैसला नहीं सुना सकता

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के एक न्यायाधीश ने मंगलवार को अपने सामने एक ही दिन में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों की लंबी सूची से परेशान होकर फैसला लिखवाने में अपनी असमर्थता दर्ज कराई। न्यायाधीश ने कहा, ''मैं भूखा, थका और निर्णय लिखाने में शारीरिक रूप से असमर्थ महसूस कर रहा हूं, इसलिए निर्णय सुरक्षित रखा जाता है।'' न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने चंद्रलेखा सिंह की याचिका पर यह आदेश दिया। यह याचिका 2025 में डीआरटी के एक आदेश के खिलाफ दायर की गई थी। उच्च न्यायालय ने मई 2025 में डीआरटी (कर्ज वसूली अधिकरण) के आदेश को रद्द कर दिया था और याचिकाकर्ता को सुनवाई का मौका देने के बाद मामले पर नए सिरे से फैसला करने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय के इस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई थी, जिसने 25 अगस्त, 2025 को इस आधार पर उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया था कि संबंधित प्रतिवादी को नहीं सुना गया था। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय से याचिका पर जल्द से जल्द और बेहतर होगा कि छह महीने के अंदर नए सिरे से फैसला करने के लिए कहा था। असल में मंगलवार को न्यायमूर्ति विद्यार्थी के सामने 92 नए मामलों समेत कुल 235 मामले सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थे और वह शाम 4.15 बजे तक सिर्फ 29 नए मामलों की सुनवाई कर पाए। लेकिन जब उन्हें उच्चतम न्यायालय द्वारा रिमांड पर लिए गए मौजूदा मामले के बारे में बताया गया, तो न्यायमूर्ति विद्यार्थी ने शाम 4.15 बजे मामले की सुनवाई शुरू की और शाम सात बजे तक जारी रखी।

## दुबई में तीन लग्जरी कारों वाला भिखारी गिरफ्तार

**एजेंसी-नई दिल्ली।** दुबई पुलिस ने एक भिखारी को गिरफ्तार किया है, जिसके पास 3 लग्जरी कारें हैं। उसके पास बहुत सारा पैसा भी मिला है। अल-खलीज अखबार के मुताबिक, वह व्यक्ति दिन में लोगों से भीख मांगता था। इसके बाद शाम को वह अपना 'भेष' बदलता और फिर अपनी लग्जरी कार में बैठकर घर चला जाता। पुलिस का कहना है कि वह लोगों की भावनाओं से खेलकर और कई तरह की झूठी कहानियां बनाकर पैसे लेने में माहिर था। उसके पास से 6 लाख रुपये से ज्यादा की सेविंग मिली है। पुलिस ने कहा कि वह फिर भी भीख मांग रहा था, जबकि इतने पैसे घर वापस जाने के लिए काफी थे। इसी क्रम में दुबई पुलिस भिखारियों की गिरफ्तारी का अभियान चलाती रहती है। पुलिस ने बताया कि रमजान के पहले हफ्ते में अलग-अलग देशों के 26 से ज्यादा भिखारियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी के मुताबिक, 'पकड़े गए 90 फीसदी भिखारी विजिट वीजा पर दुबई आए थे और उन्होंने रमजान के समय का इस्तेमाल वहां के लोगों की दरियादिली का फायदा उठाने के लिए किया।' पुलिस ने लोगों से कहा है कि वह 901 पर डायल करके या दुबई पुलिस स्मार्ट एप पर भिखारियों की जानकारी दें। दुबई पुलिस ने लोगों से भीख मांगने के ऑनलाइन स्कैम का शिकार न होने की भी चेतावनी दी है।

#### यूएई में भीख मांगने पर होती है सजा

दरअसल यूएई में भीख मांगना गैरकानूनी है। भीख मांगने वाले लोगों को 3 महीने की जेल और 1.23 लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। जो लोग ऑर्गनाइज्ड भीख मांगने वाले गैंग को मैनेज करते हैं या भीख मांगने के लिए विदेश से लोगों की भर्ती करते हैं, उन्हें 6 महीने की जेल और 25 लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है।

## आसमान में दिखेगी 6 दुर्लभ ग्रहों की परेड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आसमान में एक बार फिर ऐसी खगोलीय घटना होने वाली है, जिसे देख आप विस्मय से भर जाएंगे और नजर हटाने का दिल नहीं करेगा। दरअसल, दिलों को तोड़ने वाली फरवरी जाते-जाते आपको मंत्रमुग्ध करने वाली है और सबसे खास बात तो यह है कि आप नग्न आंखों से इसका मजा ले सकेंगे। आसमान में एक-दो नहीं, बल्कि एक साथ छह ग्रह नजर आने वाले हैं। इस खगोलीय घटना को 'प्लैनेटरी परेड' कहा जाता है। ऐसा तब होता है जब कई ग्रह एक ही समय में आसमान में एक ओर एक कतार में दिखाई देते हैं। हालांकि, यह पूरी तरह से एक सीध में नहीं होते, बल्कि सूर्य के एक तरफ पास-पास नजर आते हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक, आमतौर पर सूर्यास्त के बाद दो-तीन ग्रहों को आसानी से देखा जा सकता है, लेकिन चार-पांच ग्रहों को एक साथ नग्न आंखों से देख पाना जरा मुश्किल होता है और ऐसी खगोलीय घटना एकाद साल में अक्सर होती रहती है। पिछले साल की बात करें तो चार-पांच नहीं, बल्कि सात ग्रहों की दुर्लभ श्रृंखला खेलने को मिली थी।

#### ये ग्रह आएंगे साथ

अगर शनिवार को आसमान एकदम साफ रहा तो (बुध), (शुक्र), (बृहस्पति) और (शनि) को नग्न आंखों से देखा जा सकेगा, जबकि (अरुण) और (वरुण) को देखने के लिए अंतरिक्ष प्रेमियों को टेलीस्कोप की मदद लेनी पड़ सकती है।

## रंगभरी एकादशी: अवध में होली शुरू



### कनाडाई पीएम मार्क कार्नी मुंबई पहुंचे

# 2 मार्च को पीएम मोदी संग करेंगे क्षेत्रीय और वैश्विक विकास के मुद्दों पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा के पीएम मार्क कार्नी पत्नी डायना फॉक्स कार्नी के साथ चार दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को भारत पहुंच चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर लिखा कि कनाडा के पीएम मार्क कार्नी का भारत के अपने पहले आधिकारिक दौरे पर मुंबई पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत है।

यह दौरा भारत-कनाडा संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। महाराष्ट्र सरकार के प्रोटोकॉल और मार्केटिंग मंत्री जय कुमार रावल ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। भारत-कनाडा पार्टनरशिप साझा डेमोक्रेटिक मूल्यों, लोगों के बीच मजबूत संबंधों और अलग-अलग सेक्टर में बढ़ते सहयोग पर आधारित है।



#### 1 मार्च को पहुंचेंगे दिल्ली

28 फरवरी को पीएम कार्नी मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह 1 मार्च को नई दिल्ली पहुंचेंगे। नई दिल्ली में वह 2 मार्च को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से सुबह 9 बजे होटल लीला पैलेस में मुलाकात करेंगे। फिर सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर वह हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे। 11 बजकर 40 मिनट पर दोनों देशों के बीच एमओयू एक्सचेंज होगा और फिर प्रेस स्टेटमेंट जारी किए जाएंगे। एक बजकर 50 मिनट पर भारत मंडपम में भारत-कनाडा सीईओ फोरम की शुरुआत होगी, जिसमें दोनों देशों के पीएम शामिल होंगे। शाम छह बजे पीएम कार्नी अपने देश के लिए रवाना होंगे।

### नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं और तटीय निगरानी बढ़ेगी

# 'डॉल्फिन हंटर' आईएनएस अंजदीप का हुआ जलावतरण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को आईएनएस अंजदीप युद्धपोत का जलावतरण किया। इस युद्धपोत का उद्देश्य भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं और तटीय निगरानी को बढ़ाना है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने चेन्नई बंदरगाह पर पोत का जलावतरण किया। आईएनएस अंजदीप 'एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' परियोजना के तहत बनाए जा रहे आठ पोतों में से तीसरा है। यह पोत 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें नष्ट करना है। चेन्नई बंदरगाह पर एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में पोत का जलावतरण किया।

- तटीय और राष्ट्र की सुरक्षा में अहम
- 25 समुद्री मील की अधिकतम गति



आईएनएस अंजदीप युद्धपोत

#### उथले जल क्षेत्रों के लिए डिजाइन किया

*आईएनएस अंजदीप 77 मीटर लंबा है। इसमें एक 'हाई-स्पीड वाटर-जेट प्रोपल्शन सिस्टम' लगा है, जो इसे त्वरित प्रतिक्रिया और निरंतर संचालन के लिए 25 समुद्री मील की अधिकतम गति हासिल करने में सक्षम बनाता है। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित अंजदीप एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और राष्ट्र की सुरक्षा के लिहाज से अहम, उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है।*

#### आधुनिक हथियारों से लैस

*यह पोत स्वदेशी, अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी युद्धक हथियारों और सेंसर पैकेज से लैस है जिसमें 'सोनार अभय' भी शामिल है और यह हल्के टॉरपीडो एवं पनडुब्बी रोधी रॉकेटों से युक्त है। 'अंजदीप' का नाम कर्नाटक के कारवार तट (अरब सागर) के निकट स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर रखा गया है। इस युद्धपोत के शामिल होने से नौसेना की भारत के व्यापक समुद्री हितों की सुरक्षा के साथ-साथ तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय क्षेत्रों की निगरानी तथा रक्षा क्षमता और मजबूत होगी।*

#### शामिल होंगे और 15 पोत

*एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि नौसेना की योजना इस साल आईएनएस अंजदीप के अलावा 15 और पोतों को शामिल करने की है। उन्होंने कहा कि आईएनएस अंजदीप को फुर्ती से कार्य करने और युद्ध तत्परता के लिहाज से डिजाइन किया गया है। इसे 'मेक इन इंडिया' के तहत डिजाइन किया गया है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28